# बिहार विधान परिषद

(203 बजट सत्र)

Short Notice Questions For Written Answers

## 23 मार्च 2023

----

**[जल संसाधन - वित्त विभाग - श्रम संसाधन - परिवहन - लघु जल संसाधन - अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण - पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण - वाणिज्य कर - पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन - मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन - योजना एवं विकास - समाज कल्याण गृह ].**

Total Short Notice Question- 10

----

### प्रदूषण रोकने हेतु योजना

*88 **श्री सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा):**

क्या **पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार के अधिकांश शहरों में वायु प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ा हुआ है;

(ख) क्या यह सही है कि बेगूसराय सबसे अधिक प्रदूषित हवा का शहर है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो बेगूसराय सहित अन्य जिलों में प्रदूषण रोकने के लिए सरकार की क्या योजना है ?

----

### वृक्षारोपण का कार्य

*118 Mr. Radhacharan Sah (Bhojpur And Buxar Local Bodies):

क्या **Environment, Forest and Climate Change** be pleased to state:-

(क)   क्या यह सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत नावानगर प्रखण्ड के हरोजा मौजा में खाता- 107, खेसरा- 425 के अंतर्गत 92 डिसमिल जमीन को वृक्षारोपण कार्य के लिए चिन्हित एवं कर्णांकित किया गया था जहां वृक्षारोपण करने की योजना प्रस्तावित है;

(ख)   क्या यह सही है कि अभी तक उक्त स्थल पर वृक्षारोपण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है;

(ग)   यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त चिन्हित स्थल पर वृक्षारोपण का कार्य शीघ्र शुरू करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## पर्यटक स्थल के रूप में विकसित

*119 **डा. मदन मोहन झा (शिक्षक दरभंगा):**

क्या **परिवहन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क)   क्या यह सही है कि दरभंगा जिला के कुशेश्वरस्थान (पूर्व) प्रखण्ड अन्तर्गत बाबा कुशेश्वर धाम मंदिर एवं तिलकेश्वर धाम अवस्थित है जो कि उत्तर बिहार का प्रमुख तीर्थ स्थल है;

(ख)   क्या यह सही है कि उक्त स्थानों पर सालोभर दूर-दूर से पर्यटक दर्शन करने के लिए आते रहते हैं;

(ग)   यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थलों को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## उच्च स्तरीय जांच कबतक

*120 **श्री राजीव कुमार उर्फ गप्पू बाबू (गोपालगंज स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या **मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क)   क्या यह सही है कि राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुसार किसी भी सरकारी कर्मचारी/पदाधिकारी को सामान्यतः एक स्थान पर अधिकतम तीन वर्षों तक पदस्थापन के बाद स्थानांतरण का प्रावधान है;

(ख)   क्या यह सही है कि विभागीय नियमों को धता बताते हुए अवैध रूप से अर्जित धन एवं रसूख के बल पर सहायक निबंधन महानिरीक्षक, पटना एवं छपरा (प्रभार) के पद पर विगत छः वर्षों से पदस्थापित हैं;

(ग)   क्या यह सही है कि इनके विरुद्ध आय से अधिक संपति अर्जित करने, सरकारी

राजस्व की क्षति पहुंचाने तथा अपने क्षेत्रान्तर्गत स्थित निबंधन कार्यालयों से प्रतिमाह अवैध धन उगाही की अनेक शिकायतें विभाग से प्राप्त हैं जिनपर कोई कार्रवाई नहीं की गई है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस भ्रष्ट पदाधिकारी का शीघ्र स्थानांतरण करते हुए उनके विरुद्ध आरोपों की उच्चस्तरीय निष्पक्ष जांच कराने तथा सरकारी राजस्व की हानि के लिए उचित विभागीय कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## अन्यत्र पुनर्वासित

*121 **श्री तरुण कुमार (समस्तीपुर स्थानीय प्राधिकार):**

क्या **जल संसाधन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि समस्तीपुर जिले की बूढ़ी गंडक नदी की धारा एवं बांध के बीच आवासीय एवं व्यावसायिक पक्के मकान, दुकान का निर्माण हुआ है;

(ख) क्या यह सही है कि इन आवासीय व व्यावसायिक स्थलों के आपदाग्रस्त होने की आशंका अत्यधिक होगी;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इन आपदा आशंकित स्थलों पर बसे लोगों को अन्यत्र पुनर्वासित करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## पुल का निर्माण

*122 **डा. प्रमोद कुमार (मनोनीत):**

क्या **जल संसाधन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि जिला जहानाबाद, प्रखंड- घोषी, पंचायत- परावन में विशुनगंज नगमा फॉल पर वर्षों पुराना 8 फीट का पुल है;

(ख) क्या यह सही है कि 8 फीट का पुल होने की वजह से पुल पर आये दिन दुर्घटना होती रहती है एवं दुर्घटना के कारण अभी तक कई लोगों की मृत्यु हो गई है;

(ग) क्या यह सही है कि पुल की स्थिति काफी जर्जर है एवं पुल की दोनों ओर सुरक्षा दीवार क्षतिग्रस्त हो गयी है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जिला- जहानाबाद, प्रखंड- घोषी, पंचायत- परावन में विशुनगंज नगमा फॉल पर पुल को चौड़ीकरण कर नए पुल का निर्माण एवं पुल के दोनों किनारे सुरक्षा दीवार बनाना चाहती

है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## नामजद अभियुक्तों पर कार्रवाई

***123 श्री दिलीप कुमार सिंह (स्थानीय प्राधिकार, औरंगाबाद):**

क्या **वित्त विभाग** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि पटना दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान में दिनांक 29 जनवरी 2023 के पृष्ठ 9 पर 'महुआ डेयरी पर 100 करोड़ का गबन का केस' शीर्षक समाचार प्रकाशित हुआ है;

(ख) क्या यह सही है कि फर्जी महुआ डेयरी द्वारा गरीब और बेसहारा किसानों से पैसे की वसूली कर परिपक्वता अवधि पूर्ण होने पर भुगतान करने में टालमटोल कर रहे हैं;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त फर्जी एजेंसी का बिहार सरकार के सहकारिता विभाग से महुआ डेयरी ग्रुप ने रजिस्ट्रेशन नं.- BR/00/00/00/OTH/03/2016 भी कराया है;

(घ) क्या यह सही है कि महुआ प्रोजेक्ट एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कम्पनी लिमिटेड एवं महुआ ग्रुप द्वारा जलाशय योजना, डेयरी, मुर्गीपालन एवं बकरी पालन का झांसा देकर जमा राशि को पांच साल में दुगने रुपये एवं दस साल में चार गुने रुपये करने का प्रलोभन दिया गया था;

(ङ.) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार किसानों द्वारा जमा राशि का भुगतान करते हुए अध्यक्ष, एम.डी. एवं अन्य चार नामजद अभियुक्तों पर कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## मुआवजा का आवंटन तथा शीघ्र भुगतान

***124 श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक):**

क्या **परिवहन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि परिवहन विभाग के पत्रांक- 9876 दिनांक:- 27.12.2022 के द्वारा माननीय उच्च न्यायालय, पटना के CWJC 3362/2022 में पारित आदेश के आलोक में गजट नोटिफिकेशन नं.- 683 एवं 684, दिनांक:- 11/08/2021 एवं पब्लिक नोटिस 01/12/2021 पर रोक (stay) लगाई गयी है;

(ख) क्या यह सही है कि सड़क दुर्घटना में पीडि़त व्यक्ति के परिजनों को छः माह के अंदर ही दावा आवेदन प्रस्तुत करना होता है, उक्त अवधि के भीतर आवेदन प्राप्त नहीं होने पर मुआवजा दिये जाने से संबंधित कार्रवाई पर विचार नहीं किया जा सकता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के आलोक मे अग्रतर कार्रवाई किये जाने तक सड़क दुर्घटना में पीडि़त व्यक्ति के परिजनों से दावा/मुआवजा का आवेदन लिये जाने हेतु वैकल्पिक व्यवस्था करना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## योजना का क्रियान्वयन

*125 **श्री सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा)ः**

क्या **जल संसाधन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क) क्या यह सही है कि विगत 9 नवम्बर 2022 को माननीय मुख्यमंत्री एवं माननीय मंत्री, जल संसाधन विभाग द्वारा बेगूसराय के सिमरिया घाट का निरीक्षण किया गया एवं सिमरिया घाट के विकास हेतु श्रद्धालु/भक्तजनों को आश्वस्त किया गया था;

(ख) क्या यह सही है कि बेगूसराय के सिमरिया घाट के विकास हेतु जल संसाधन विभाग की कोई योजना है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त योजना के कबतक क्रियान्वयन का विचार रखती है ?

----

## परिपक्वता राशि का भुगतान

*126 **प्रो. नवल किशोर यादव (शिक्षक पटना)ः**

क्या **वित्त विभाग** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के नागरिकों द्वारा परिवार के भविष्य के लिए सहारा इंडिया की विभिन्न योजनाओं में जमा की गई राशि की परिपक्वता तिथि पूर्ण हो जाने के बावजूद भी इन्हें भुगतान नहीं किया जा रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि पटना के दीदारगंज केंद्र (6080) के सहारा-ई-लाइन योजनान्तर्गत श्रीमती लीला देवी, ललित कुमार झा एवं सुनीता देवी (मे. सं.- 7300499 से 7300503 तक एवं 7302570 एवं 6803921 से 6803924 तक एवं 7303930, 7300369) एवं 7303914 से 7303915 तक द्वारा किए गए निवेशों की परिपक्वता तिथि पूर्ण होने के वर्षों बीत जाने के बावजूद इन्हें भुगतान नहीं किया जा रहा है, इन्हें अपनी पुत्री की शादी करनी है परंतु इसी शाखा में बाहुबली व्यक्ति की परिपक्वता राशि का भुगतान हो रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त जमाकर्त्ताओं की परिपक्वता राशि का भुगतान कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----